प्रेषक,

प्राचार्य / उपशिक्षा निदेशक,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
फिरोजाबाद।

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त निजी बी0टी0सी0 / डी0एल0एड0 संस्थान,
जनपद फिरोजाबाद।

पत्रांकः–डायट / डी0एल0एड0 / इण्टर्नशिप / 413-15 / 2025–26 दिनांक 20 जून, 2025

**विषयः–निजी संस्थानों में अध्ययनरत् डी0एल0एड0–2023, 2022 एवं 2021 तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं की इण्टर्नशिप हेतु डायट फिरोजाबाद की नवीन बेवसाइट पर विकल्प पूरित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक अवगत कराना है कि निजी संस्थानों में प्रशिक्षणरत् डी0एल0एड0–2023, 2022 एवं 2021 तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का सेमेस्टर वर्तमान में गतिमान है, जिनकी 30 दिवसीय इण्टर्नशिप आवंटन हेतु डायट फिरोजाबाद की निर्धारित **नवीन** बेवसाइट **www.dietfirozabad.com** पर विकल्प पूरित किये जाने है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि डी0एल0एड0–2023, 2022 एवं 2021 तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत् प्रशिक्षुओं से 30 दिवसीय इण्टर्नशिप हेतु ऑनलाइन माध्यम से 10 विकल्प तथा 02 विकास खण्ड डायट फिरोजाबाद की निर्धारित **नवीन** बेवसाइट **www.dietfirozabad.com** पर **Trainee Login पर क्लिक करने के उपरान्त "यूजर–रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा पासवर्ड–रजिस्ट्रेशन नम्बर"** अंकित कर अपना फोटो, हस्ताक्षर एवं पासवर्ड अपडेट करते हुए निम्न समय सारिणी के अनुसार पूरित कराना सुनिश्चित करेंगे। जिससे प्रशिक्षुओं की इण्टर्नशिप ससमय जारी की जा सकें। ऑनलाइन विकल्प पूरित किये जाने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा।

**समय सारिणी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षुओं द्वारा ऑनलाइन विकल्प भरने की अवधि | दिनांक 21.06.2025 की सांय 05:00 बजे से<br>दिनांक 25.06.2025 की सांय 05:00 बजे तक |

**नोटः–**

1. पूर्व में यह भी देखा गया है कि संस्थान द्वारा प्रशिक्षुओं के विकल्प स्वयं पूरित कर दिये जाते है तथा प्रशिक्षुओं से पूरित नहीं कराये जाते है, जिससे प्रशिक्षुओं को आंवटित विद्यालय में जाने से डायट पर उपस्थित होकर असमर्थता जतायी जाती है, इसलिए ऑनलाइन विकल्प प्रशिक्षु से ही अनिवार्य रूप से पूरित कराये जायें। विद्यालय आवंटित होने के उपरान्त किसी भी दशा में डायट से कोई भी संशोधन नहीं किया जायेगा, जिसके लिए सम्बन्धित संस्थान / प्रशिक्षु उत्तरदायी होंगे।
2. अतिमहत्वपूर्ण– पूर्व में निर्धारित बेवसाइट पर ऑनलाइन विकल्प पूरित नहीं किये जाने है पत्र में अंकित नवीन बेवसाइट के माध्यम से विकल्प पूरित किये जाने है।

भवदीय

(बृजेन्द्र कुमार)
प्राचार्य / उप शिक्षा निदेशक
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 व दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश निशातगंज लखनऊ।
2. सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

प्राचार्य / उप शिक्षा निदेशक
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
फिरोजाबाद।